अनुमानों के आधार पर आंकड़े प्रस्तुत किए गए हैं ।

वर्ष	(करोड़ रुपये में) अधिशेष की राशि
1991–92	414.52
1992–93	617.79
1993–94	786.26 (अनुमानित)

1991–92 और 1992–93 के लिए पश्चिम रेलवे के उपनगरीय खंडों की अधिशेष की राशि नीचे दी गयी है :—

(करोड़ रुपये में)

वर्ष	अधिशेष की राशि
1991–92	24.91
1992–93	49.95

1993–94 के आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं ।

(ख) "परिचालन अनुपात" के राज्य-वार ब्यौरे नहीं रखे जाते हैं ।

(ग) यातायात के किसी भी साधन के लिए अलग से आर्थिक सहायता की व्यवस्था नहीं की जाती है ।

Korean firm's proposal for doubling rail in Bombay

2484. SHRI SUSHILKUMAR SAMBHAJIRAO SHINDE: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that a Korean firm, Hyundai has submitted a proposal to build a double rail line above the existing railway corridors in Bombay; and

(b) if so, what are the details of the project, indicating its cost, foreign exchange content/and other broad features thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI K. C. Lenka): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

रेलवे स्टेशनों पर सुख सुविधाएं

2485. श्री एस०एस० अहलुवालिया : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस तथ्य की जानकारी है कि देश के अधिकांश भागों में खास कर बिहार प्रदेश में रेलवे प्लेटफार्मों पर अत्यधिक गंदगी होती है जिससे रेल यात्रियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है तथा उनके स्वास्थ्य पर भी दुष्प्रभाव पड़ता है ; और

(ख) यदि हां, तो सरकार रेलवे प्लेटफार्मों को स्वच्छ एवं साफ रखने हेतु क्या उपाय कर रही है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० सी० लेंका) : (क) प्लेटफार्मों पर समुचित सफाई न किए जाने के कुछ मामले ध्यान में आये हैं। तथापि ऐसे किसी मामले की रिपोर्ट नहीं मिली है कि इसके कारण किसी भी रेल यात्री को स्वास्थ्य संबंधी समस्या का सामना करना पड़ा है ।

(ख) रेलें इस बात को उच्च प्राथमिकता प्रदान करती हैं कि प्लेटफार्मों सहित स्टेशन परिसरों में सफाई के स्तर में सुधार किया जाए और यह एक सतत् प्रक्रिया है । इस संबंध में रेलों द्वारा जो उपाय किए गए हैं, उनका ब्यौरा नीचे दिया गया है :—

(i) प्लेटफार्मों की स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए स्टेशनों पर सफाई कर्म-